आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

00000

दिनांक: 09.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

00000

एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार आज प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शाम सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलवायेंगी। इस अवसर पर भाजपा के सहयोगी जदयू, टीडीपी और अन्य घटक दलों के सदस्यों के नये मंत्रिमंडल में शपथ लेने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में बांग्लादेश, श्रीलंका, मॉरिशस, मालदीव और नेपाल सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अन्य अतिथि शामिल होंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र भी समारोह में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली रवाना हो गये है। इससे पहले मनोनीत प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज पीएम आवास पर संभावित मंत्रियों को बुलाया। इसके लिए शिवराज सिंह, किरण रिजिजू, जितिन प्रसाद, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और रामदास अठावले सहित कई अन्य नेता पहुंचे। प्रदेश से अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी का नाम भी संभावित मंत्रियों की सूची में शामिल बताया जा रहा है। श्री मोदी ने आज सुबह नई दिल्ली में महात्मा गांधी के समाधि–स्थल **राजघाट** और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि–स्थल **सदैव अटल** पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर भी पुष्प चढाए। राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का आकाशवाणी से सजीव प्रसारण किया जायेगा। यह प्रसारण आकाशवाणी लाइव न्यूज चैनल पर शाम पौने सात बजे से होगा। आकाशवाणी के यू–टयूब चैनल पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। शपथ ग्रहण समारोह के सीधे प्रसारण के कारण आकाशवाणी जयपुर अजमेर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन के समय में बदलाव किया गया है। हिन्दी बुलेटिन आज शाम 6 बजकर 20 मिनट पर, जिले की चिट्ठी साढे 6 बजे और राजस्थानी बुलेटिन 6 बजकर 35 मिनट पर प्रसारित होगा।

00000

मीडिया जगत की जानी मानी हस्ती रामोजी राव को आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जा रही है। 87 वर्षीय रामोजी ने कल हैदराबाद के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्होंने रामोजी फिल्म सिटी की स्थापना की थी और मीडिया के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया था।

00000

आज वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे है। प्रताप जयंती के अवसर पर कोटा में आज शौर्य रैली निकाली जायेगी। डूंगरपुर में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। राजसमंद में खमनोर और कुंभलगढ सहित कई स्थानो पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

साथ ही रक्त तलाई से शोभायात्रा निकाली जा रही है। इस अवसर पर पाली और राजधानी जयपुर में भी रैली का आयोजन किया गया है। शाहपुरा में सर्व समाज की ओर से वाहन रैली निकाली गई।

00000

प्रदेश में बीएड पाठ्यक्रमों के प्रवेश के लिए आज पीटीईटी परीक्षा आयोजित की जा रही है। करीब 1400 बीएड कॉलेजों में दो साल के बीएड कोर्स और चार साल के बीएससी और बी ए बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ये परीक्षा हो रही है। सुबह 11 बजे से शुरू हुई पीटीईटी परीक्षा दोपहर दो बजे तक होगी। परीक्षा समन्वयक आलोक चौहान ने बताया कि कोटा के वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। उधर जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट आज घोषित कर दिया गया। इसमें कोटा में कोचिंग कर रहे वेद लाहोटी ने ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है।

00000

श्रीगंगानगर जिले में एसओजी की टीम ने सीमा क्षेत्र से तीन किलो हेरोइन जब्त की है। इस मामले में तीन तस्करो को गिरफ्तार किया गया है। हेराईन की खरोद फरोख्त करने वाले ये लोग गोमावाली और तलवंडी के बताये गये है।

0000

प्रदेश में कल से प्री मॉनसून की बारिश शुरू हो सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले तीन दिन कोटा और उदयपुर संभाग के 6 जिले उदयपुर, प्रतापगढ़, चित्तौडगढ, डूंगरपुर, बांसवाडा और झालावाड में आंधी बारिश का मौसम रहेगा। श्री शर्मा ने बताया कि मॉनसून महाराष्ट्र में प्रवेश कर चुका है और कल से राजस्थान के दक्षिणी हिस्सों में धीरे–धीरे बढ़ना शुरू होगा। इस बीच पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, अजमेर भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ स्थानों पर गरज के साथ छीटे पडने और हल्की बारिश के आसार हैं।

00000